**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 07.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अपने सगे भाई के साथ मारपीट करने वाले 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 07.10.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सगे भाई व परिजनों के साथ मारपीट करने वाले 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अलीगंज मोहल्ले के रहने वाली सबिना ने थाना कोतवाली नगर पर स्वयं व भाई भाभी आदि के साथ उसके दूसरे सगे भाइयों व परिजनों द्वारा मारपीट करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत करते हुए थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सबिना के सगे भाई अनवर, शहजादे तथा भतीजे आशिक व अनवर के दामाद कामिल को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अनवर पुत्र इस्लाम निवासी अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
2. शहजादे पुत्र इस्लाम निवासी अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
3. आशिक पुत्र अनवर निवासी अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
4. कामिल पुत्र मुकिमुद्दीन निवासी सुहिला थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0- 784/25 धारा 191(2)/115(2)/333/110 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री अरविन्द कुमार मौर्य चौकी प्रभारी अलीगंज मय टीम